# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–PR ................/2025

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–XI (सत्र 2025–27) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2025 का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट पर ऑनलाइन जारी करने तथा त्रुटि सुधार के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–XI (सत्र 2025–27) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी, उनके अभिभावक एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र एवं परीक्षा शुल्क समिति में जमा किया गया है, वैसे अभ्यर्थियों का डमी प्रवेश–पत्र समिति के वेबसाइट https://biharsimultala.com पर दिनांक **27.07.2025** के अपराह्न से **31.07.2025** के अपराह्न तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा। वैसे अभ्यर्थी/उनके अभिभावक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उक्त परीक्षा का डमी प्रवेश–पत्र दिनांक **27.07.2025** के अपराह्न से **31.07.2025** के अपराह्न तक डाउनलोड कर सकते हैं।

2. डमी प्रवेश–पत्र (Dummy Admit Card) में अगर किसी प्रकार की त्रुटि (यथा–अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, एवं फोटो आदि) हो तो छात्र–छात्रा/ अभिभावक समिति के उक्त वेबसाइट पर अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से दिनांक **27.07.2025** के अपराह्न से **31.07.2025** के अपराह्न तक की अवधि में त्रुटि का सुधार कर सकते हैं।

3. निर्धारित अवधि तक अपूर्ण परीक्षा आवेदन–पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी/उनके अभिभावक की होगी।

5. **उक्त अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि का सुधार करने का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।**

26/7/25

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

25/7

ज्ञापांक : के0वि0-401/2025 पटना, दिनांक : 26/07/2025

प्रतिलिपिः 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. Project Manager, M/s Antier Solutions Private Limited, Punjab को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में अग्रेतर कार्यवाई हेतु प्रेषित।
3. ई.डी.पी., आई0टी0(विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B.Mobile App पर डाल दिया जाय तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।
4. प्रभारी प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. निदेशक माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।
7. अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

26/7/25

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

25/7/25